Seventh Five Year Plan are given below:

(i) Motorisation of traditional craft;

(ii) Introduction of improved beach landing craft;

(iii) Group Accident Insurance Scheme and National Welfare Fund for Fishermen covering both inland and marine sectors; and

(iv) Development of Fishing Harbours.

(c) Aproval has been issued for the development of four new fishing harbours, in addition to the second and third stages of development of two existing harbours.

(d) and (e) The proposal for fishing harbour at Nuagarh (Astarang) has already been approved. The proposals for fishing harbours at Gopalpur and Paradip have been circulated for appraisal and for inter-ministerial consultations, on completion of which only the Government could consider the investment decision.

**फसल बीमा योजना के अन्तर्गत देय राशियों का भुगतान**

273. **श्री मीर्जा ईर्शादबेग** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज की तारीख में फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किये जाने वाले देय राशियों के भुगतान की राज्यवार स्थिति क्या है तथा इन देय राशियों के भुगतान किये जाने के संबंध में अनुमानत: कितना समय लग जाने की संभावना है ;

(ख) फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किए जाने वाले खर्च में कुछ और वृद्धि करने के लिए क्या योजनायें है ; और

(ग) क्या सरकार इस योजना को समाप्त करने का विचार कर रही है और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव)** : (क) बृहत फसल बीमा योजना के अधीन 1985-86, 1986-87 तथा 1987-88 के दौरान भुगतान किए जाने वाले क्षतिपूर्ति दावों तथा वास्तव में अब तक भुगतान की गई राशि का एक राज्य-वार विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है । [देखिये परिशिष्ट CXLVIII अनुबंध नं० 3]

(ख) बृहत फसल बीमा योजना के अधीन खर्च में और वृद्धि करने का कोई योजना नहीं है ।

(ग) सरकार इस योजना को समाप्त करने के प्रस्ताव पर कोई विचार नहीं कर रही है ।

**कपास का उत्पादन**

274. **श्री मीर्जा ईर्शादबेग** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान कपास का राज्यवार उत्पादन कितना हुआ है और इस उत्पादन के आवश्यकता से कितनी मात्रा में अधिक होने की संभावना है ; और

(ख) इस बात को सुनिश्चित करने लिए कि किसानों को उनकी उपज के लाभकारी मूल्य मिलें, सरकार की मूल्य नीति क्या होगी ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव)** : (क) कपास उत्पादन के निश्चित अनुमान राज्यों से अभी देय नहीं है तथापि, कुछ क्षेत्रों में बुआई अभी चल रही है । चालू वर्ष के दौरान वर्षा और जलवायु सम्बन्धी परिस्थितियां सामान्यत: अनुकूल रही हैं तथा आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आलोच्य वर्ष के